दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 27 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 02

महत्वपूर्ण एवं खास

कुल्लु में पर्यटक वाहन खाई में गिरी... 7 की मौत, 10 घायल

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल के कुल्लु में बंजार घाटी के घियागी इलाके में एनएचए-305 पर रविवार रात 8.30 बजे एक पर्यटक वाहन के खाई में गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक 5 घायलों को जोनल अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया है और 5 का इलाज बंजार में एक अस्पताल में चल रहा है।

ट्रैक्टर-ट्राली तालाब में पलटी, 9 की मौत, 36 जख्मी

लखनऊ (आरएनएस)। राजधानी लखनऊ के इटौंजा में कुम्हरावां रोड पर गद्दीनपुरवा के पास ट्रैक्टर ट्राली तालाब में पलट गई। हादसे में 9 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 36 घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना पर डीएम सूर्य पाल गंगवार मौके पर पहुंचे। राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में भर्ती घायलों का हाल लिया। दो बच्चों की हालत गम्भीर बताई जा रही है। हादसे में घायल लोगों को तत्काल उच्चस्तरीय इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाने के लिए डीएम ने एसडीआरएफ की टीम बुलाई। सीतापुर के अटरिया, टिकौली गांव से ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर ग्रामीण इंटौजा स्थित उनई देवी मंदिर में कोछ भरने जा रहे थे। सीतापुर हाईवे-और कुम्हरावा रोड पर गद्दिनपुरवा के पास पीछे से आर हे ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर ट्राली पर करीब 45 लोग सवार थे। 34 लोगों को सीएचसी पहुंचाया गया है। बाकी लोगों को मामूली चोटें आई हैं। इनमें 9 की मौत हो गई है। डीएम सूर्यपाल सिंह मौके पर पहुंच गए हैं। एनडीआरएफ राहत-बचाव कार्य में लगी है।

सांसद व अभिनेता सन्नी देयोल की कोठी का किसानों ने किया घेराव

गुरदासपुर (आरएनएस)। सांसद और सिने स्टार सनी देओल की गुरदासपुर स्थित कोठी का घेराव किया गया है। बताया जा रहा है कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा सांसद सन्नी देयोल के घर का घेराव किया गया है और रोष प्रदर्शन किया गया है। जिक्रयोग्य है कि एक तरफ जहां राज्य में भाजपा खुद को मजबूत करने में जुटी हुई है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा सांसद सन्नी देयोल के घर के बाहर प्रदर्शन और लोगों में पनप रहा गुस्से की लहर कुछ और ही दर्शा रही है। बता दें कि गुरदासपुर के लोगों ने सन्नी देयोल को समस्याएं जानने और उनका समाधान करने के लिए चुना था और पर सन्नी देयोल की लोगों की समस्याओं की तरफ ध्यान न देना भी लोगों में गुस्से का बड़ा कारण बताया जा रहा है।

आजम खान, बेटे अब्दुल्ला आजम ने यूपी सरकार को अपनी सुरक्षा लौटाई

रामपुर (आरएनएस)। सपा के वरिष्ठ विधायक मोहम्मद आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम ने उत्तर प्रदेश सरकार को अपनी सुरक्षा वापस कर दी है। खान ने कहा कि उन्हें सरकारी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है और उन्होंने अपनी सुरक्षा में तैनात बंदूकधारियों को अपनी लाइन पर लौटने के लिए कहा है। एडिशनल एसपी संसार सिंह ने कहा कि आजम खान को वाई सुरक्षा मिली हुई थी और तीनों गनर वापस लाइन में आ गए हैं। अब्दुल्ला आजम को आवंटित गनर ने भी वापस सूचना दी थी। एएसपी ने कहा, अगर उन्हें फिर से सुरक्षा की जरूरत है, तो हम उन्हें वही मुहैया कराएंगे।

5 अक्टूबर को बिलासपुर आएंगे पीएम मोदी

बिलासपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 अक्तूबर को एम्स बिलासपुर और हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला का विधिवत उद्घाटन करेंगे। इसके बाद लुहणू मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनका बिलासपुर दौरा फाइनल हो गया है। यह जानकारी सदर विधायक सुभाष ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को परिधि गृह बिलासपुर में बैठक रखी गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने 5 वर्ष पूर्व 5 अक्तूबर को ही एम्स का शिलान्यास किया था। प्रधानमंत्री इस दिन लुहणू मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि एम्स में मौजूदा समय ओपीडी की सुविधा लोगों को मिल रही है। इसके अतिरिक्त यहां पर जनरल मेडिसन, गायनी विभाग, पैथोलॉजी व बायो कैमिस्ट्री लैब शुरू हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि उद्घाटन के बाद प्रदेश के लोगों को एम्स बिलासपुर में आईपीडी सहित अन्य आपातकालीन सुविधाएं मिलना शुरू हो जाएंगी।

नेशनल हाईवे जाम करने में गुरनाम चढ़ूनी, राकेश बैंस सहित 500 से अधिक किसानों पर केस

नई दिल्ली (आरएनएस)। किसानों ने धान खरीद की मांग का लेकर नेशनल हाईवे पर जाम लगाया था। प्रदेश की मंडियों में पहुंची धान की तुलवाई और भरवाई सरकार की जिम्मेदारी है। खरीददारी शुरू होने पर जे-फार्म कटेंगे। पांच जिलों में प्रति एकड़ 30 चूंटिल और अन्य स्थानों पर 28 चूंटिल धान की खरीद होगी। धान खरीद शुरू किए जाने और अन्य मांग को लेकर नेशनल हाईवे जाम करने पर पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम चढ़ूनी सहित 500 से अधिक किसानों पर मामला दर्ज किया है। शाहाबाद डीएसपी जयसिंह ने बताया कि नियमानुसार यह कार्रवाई की गई है।

नामजद किसानों में चढ़ूनी, राकेश बैंस, जसबीर मामूमाजरा सहित 500 से अधिक लोग शामिल हैं। उधर भाकियू प्रवक्ता राकेश बैंस का कहना है कि प्रशासन द्वारा दर्ज किए गए मामले से उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। प्रशासन का यह प्रयास उन्हें कमजोर करने का है, लेकिन किसानों के हित में भविष्य में भी लड़ाई जारी रहेगी। धान की सरकारी खरीद सहित अन्य मांगों को लेकर किसानों की ओर से किया गया हाईवे जाम 21 घंटे बाद शनिवार को 10 बजे के करीब खुल गया। इससे पुलिस-प्रशासन के साथ ही राहगीरों ने भी राहत की सांस ली। इससे पहले प्रशासन के साथ छह दौर की वार्ता के बाद किसानों की मांगों पर सहमति बनी। इसके तहत सुबह किसानों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा गया कि प्रदेश की मंडियों में अब तक पहुंच चुकी और एक अक्तूबर तक आने वाली धान की तुलवाई व भरवाई करवाना सरकार की जिम्मेदारी होगी, लेकिन फसल के जे-फार्म धान की विधिवत खरीद शुरू होने के बाद काटे जाएंगे। वहीं पांच जिलों में प्रति एकड़ 30 चूंटिल और अन्य स्थानों पर प्रति एकड़ 28 चूंटिल धान की खरीद सरकार द्वारा की जाएगी।

पुलिस प्रशासन की ओर से किए गए सुरक्षा इंतजामों और बैरिकेडिंग को ध्वस्त कर भाकियू अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के नेतृत्व में किसानों ने शुक्रवार दोपहर एक हाईवे पर डेरा डाल दिया था। अधिकारियों के लाख समझाने और आश्वासनों के बावजूद किसान टस से मस नहीं हुए और धान की सरकारी खरीद शुरू कराने की मांग पर अड़े रहे। इसी बीच शुक्रवार की देर रात ही हाईकोर्ट में एडवोकेट रणदीप तंवर की ओर से एक जनहित याचिका लगाई गई और हाईवे खुलवाने का अनुरोध किया गया। इस पर हाईकोर्ट ने रात को ही सुनवाई की और प्रशासन को जाम खुलवाने के आदेश दिए। ऐसे में शनिवार की सुबह ही अधिकारी हाईकोर्ट के आदेश लेकर किसानों के बीच पहुंच गए थे। ऐसे में जाम न खुलने पर बल प्रयोग की भी आशंका जताई जा रही थी। इसके बाद करीब 10 बजे किसानों ने जाम खोल दिया। इस अवसर पर भाकियू के प्रेस प्रवक्ता राकेश बैंस, जसबीर सिंह मामूमाजरा, हरकेश खानपुर, संजू गुदियाना, महावीर चहल, कर्म सिंह मथाना, प्रेम हिंगाखेड़ी, पंकज हबाना, मलकीयत सिंह, प्रिंस, अजय राणा, संदीप सिंह गोरा मौजूद रहे।

दर्दनाक हादसा

सिरमौर के रास्त में भूस्खलन, 5 की दबकर मौत, एक लापता

पांवटा साहिब (आरएनएस)। सिरमौर के रास्त पंचायत में देर रात हुई मूसलाधार बारिश से एक मकान के ऊपर भूस्खलन होने से मलबा गिरने के कारण 5 लोगों की दबने से मौत होने की सूचना है, जबकि दो लोगों गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन मौके के लिए रवाना हो गए है। जानकारी के अनुसार देर रात हुई क्षेत्र में बारिश होने से एक बड़ा हादसा सामने आया है बताया जा रहा है कि रास्त पंचायत में देर रात को एक रिहायशी मकान के ऊपर पहाड़ी से भूस्खलन हो गया जिस कारण पूरा मलबा मकान के ऊपर गिर गया। मकान में एक ही परिवार के 7 लोग सोय हुए थे। जब सुबह ग्रामीणों ने देखा तो पूरा मकान मलबे में दफन था ग्रामीणों ने तुरंत इकट्ठा होकर मकान में दबे लोगों को निकालने में जूट गए।

मलबे से ममता पत्नी परदीप कुमार, इशिता पुत्री प्रदीप कुमार, ऐरंग पुत्री प्रदीप कुमार, अकांशिका पुत्री प्रदीप कुमार, अलीशा पुत्री तुसली राम के शव बरामद किए गए। 2 लोग घायल बताए जा रहे है जबकि एक लापता है जिसकी तलाश की जा रही है। देर रात हुई मूसलाधार बारिश से जगह जगह सडक़ पर भूस्खलन होने से सडक़ बंद होने से प्रशासन को मौके पर पहुंचना मुश्किल हो रहा है। उधर शिलाई के एसडीएम सुरेश कुमार सिंघा ने बताया की रास्त पंचायत में भूस्खलन होने से एक मकान में मलबा गिरने से 5 लोगों की मौत हुई है। जबकि दो लोग घायल हैं। प्रशासन मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य में जुट गए है।

दिवंगत राजू श्रीवास्तव के नाम पर रखा जाएगा कानपुर की दो सड़कों, एक पार्क का नाम

कानपुर (आरएनएस)। कानपुर नगर निगम (केएमसी) ने शहर की दो सडक़ों और एक पार्क का नाम दिवंगत कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के नाम पर रखने का फैसला किया है। पार्षद कमल शुक्ला बेबी, महेंद्र पांडे और सुनील कनौजिया ने दो सडक़ों और एक पार्क का नाम दिवंगत कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा।

एक सडक़ किदवई नगर में उनके आवास के बाहर और दूसरी स्वरूप नगर में भोलेश्वर मंदिर में स्थित है और पार्क भी उनके घर के पास स्थित है।

केएमसी सूत्रों के अनुसार उनके नाम पर उनके घर के सामने स्थित पार्क में उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

बता दें, कानपुर के किदवई नगर इलाके के रहने वाले मशहूर कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव का 21 सितंबर को 58 साल की उम्र में दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था।

राजू श्रीवास्तव का असली नाम सत्य प्रकाश श्रीवास्तव था और उन्हें गजोधर भैया के नाम से जाना जाता था।

उन्हें समाजवादी पार्टी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में कानपुर सीट से नामांकित किया था, लेकिन उन्होंने टिकट वापस कर दिया। बाद में वह उसी वर्ष भाजपा में शामिल हो गए। वह उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष भी थे।

नई दिल्ली-शिमला के बीच हवाई सेवा शुरू, पहले दिन पहुंचे 34 यात्री

शिमला (आरएनएस)। नई दिल्ली-शिमला के बीच आखिरकार हवाई सेवा पुन: शुरू हो गई है। सोमवार को मौसम साफ होने के चलते तय शैड्यूल मुताबिक नई दिल्ली से एलायंस एयर की फ्लाइट (एटीआर-42-600) 34 यात्रियों को लेकर शिमला पहुंची। फ्लाइट सुबह 9.45 बजे शिमला के जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट पर लैंड हुई। फ्लाइट के उद्घाटन अवसर पर प्रबंधन ने फ्लाईट की लैंडिंग का समय यह रखा था और अब आगामी दिनों में फ्लाइट पूर्व निर्धारित शैड्यूल के अनुसार टेक ऑफ और लैंडिंग करेगी। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शिमला से नई दिल्ली गई फ्लाइट को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जबकि जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट से पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक अमित कश्यप ने फ्लाईट को हरी दिखाकर रवाना किया। शिमला से नई दिल्ली के लिए 21 यात्रियों को लेकर सोमवार को 10.45 बजे फ्लाईट रवाना हुई।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से लिया भाग- केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने भी उद्घाटन कार्यक्रम में दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। इस मौके पर सांसद व प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सुरेश कश्यप, मुख्य सचिव आरडी धीमान, केंद्रीय नागरिक उड्डयन सचिव राजीव बंसल, अतिरिक्त सचिव उषा और हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के सचिव देवेश कुमार ने इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से भाग लिया जबकि पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक अमित कश्यप, जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट के निदेशक अनिल कुमार सैनी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी जुब्बडहट्टी एयरपोर्ट पर उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली-शिमला के बीच अढ़ाई वर्ष बाद हवाई सेवा बहाल हुई है। इस हवाई रूट पर 22 मार्च 2020 से हवाई सेवा बंद थी।

मुजफ्फरनगर में कार और बस की टक्कर में उत्तराखंड के सिपाही समेत चार लोगों की मौत

मुजफ्फरनगर (आरएनएस)। मुजफ्फरनगर जिले के खतौली में दिल्ली-देहरादून हाईवे पर सोमवार सुबह करीब सवा दस बजे मंसूरपुर क्षेत्र में कार और बस की आमने सामने टक्कर में चार लोगों की जान चली गयी।

आधार कार्ड के माध्यम से शिनाख्त- वैगनआर कार पलटकर विपरीत दिशा से आ रही रोडवेज बस से टकरा गई। मृतकों के पास से मिले पहचान पत्र, आधार कार्ड के माध्यम से पुलिस ने उनकी शिनाख्त की। इसमें उत्तराखंड का एक पुलिस कांस्टेबल, और मेरठ में कार्यरत रक्षा मंत्रालय का कर्मी भी शामिल है।

कार पलटकर विपरीत दिशा में रोडवेज से भिड़ी- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सवार युवक मुजफ्फरनगर की ओर से मेरठ की तरफ जा रहे थे, जबकि मेरठ के सोहराबगेट डिपो की रोडवेज बस मुजफ्फरनगर जा रही थी। मंसूरपुर में देवराना होटल के निकट हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में पलट गई, जो रोडवेज बस से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था, कि कार के परखच्चे उड़ गए।

ये हुई पहचान- सूचना मिलने पर पुलिस ने कार में फंसे युवकों को बाहर निकालकर मुजफ्फरनगर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया। मंसूरपुर इंस्पेक्टर महावीर सिंह ने बताया कि मृतकों के पास आईडी कार्ड मिले है। कुलदीप मिश्रा पुत्र विशाल मनी प्रसाद निवासी जिला थाल उत्तरकाशी, उत्तराखंड, रक्षा मंत्रालय के मेरठ क्षेत्र में तैनात कर्मी दिनेश यादव, मनीष सिंघल सहित चार लोगों की मौत हुई। एक मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अमन गौतम को मेरठ के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में सभी के मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मृतकों के स्वजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

मृतकों की पहचान हुई- 1.कुलदीप मिश्रा उम्र 38 साल

2. मनीष सिंघल उम्र 32 साल

3. दिनेश यादव

रोडवेज बस में मची चीख-पुकार- सडक़ दुर्घटना के बाद रोडवेज बस में सवार यात्रियों में भी चींख-पुकार मच गई। रोडवेज बस की रफ्तार तेज थी, लेकिन हाईवे कट के निकट चालक स्पीड कम रखते हैं। कार टकराने के दौरान बस का अगला हिस्सा एक साइड से क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को सडक़ किनारे खड़ा कराया है।

वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार मामले में अमानतुल्लाह खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के कामकाज में कथित वित्तीय हेराफेरी और अन्य अनियमितताओं से जुड़े एक मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को सोमवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

खान को 16 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा उनकी पांच दिवसीय हिरासत में पूछताछ के अंत में उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था, जिसे 21 सितंबर को अदालत ने अनुमति दी थी। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, मामले में पहली प्राथमिकी जनवरी 2020 में भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी के साथ पठित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत दर्ज की गई थी।

बाद में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 और साथ ही आईपीसी की धारा 409 को मामले में जोड़ा गया।

दो साल पुराने मामले के बाद, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने 16 सितंबर को विधायक को तलब किया था, जबकि उसने उनसे जुड़े चार स्थानों पर समानांतर रूप से छापे मारे थे और कई जगहों पर आपत्तिजनक सामग्री मिली थी।

विंध्याचल में शारदीय नवरात्र के पहले दिन उमड़ा आस्था का विशाल जनसैलाब

- नवरात्र के प्रथम दिन उमड़ी लाखों भक्तों की भीड़, व्यवस्था में जुटा प्रशासन, मण्डलायुक्त, डीएम, एसपी ने खुद संभाली कमान
- देश के कोने कोने से भक्तों का उमड़ा जनसैलाब चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था

मीरजापुर (आरएनएस)। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस सोमवार को मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन हेतु भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। भोर के चार बजे मंगला आरती के साथ ही श्रद्धालुओं के जयकारों के घोष से समूचा विन्ध्यधाम गुंजायमान हो उठा। प्रथम दिवस दर्शनार्थियों के आंकड़ों का आंकलन भोर में ही लगभग डेढ़ लाख रहा। देर शाम तक तकरीबन 5 लाख से ज्यादा भक्तों के दर्शन पूजन का अनुमान लगाया जा रहा है हालांकि खबर भेजे जाने तक मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही है समूचा क्षेत्र मां विंध्यवासिनी के जय जय कार से गूंज रहा है। विंध्याचल शारदीय नवरात्र मेले में देश के विभिन्न राज्यों बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, दिल्ली सहित अन्य राज्य एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लाखों की संख्या में भक्त उमड़े हुए थे। सडक़ मार्ग से लेकर रेलवे मार्ग से भक्तों के आने का तांता लगा हुआ है। बड़ी संख्या में भक्तों 1 दिन पहले से ही मां विंध्यवासिनी के दरबार में उमड़ पड़े थे। इस बार जिला प्रशासन ने मेले को काफी गम्भीरता से लिया इसका अंदाजा इसी बात से लिया जा सकता है कि मण्डलायुक्त योगेश्वरराम मिश्र सहित जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र जहां दर्शनार्थियों के साथ काफी वक्त बिताया है, वही सभी अधिकारी खुद लगातार नंगे पूरे मेला क्षेत्र में भ्रमणशील नजर आए हैं। खुद जिलाधिकारी भ्रमण के दौरान मन्दिर से लेकर गंगा घाटों तक ड्यूटी पर तैनात पुलिस, प्रशासन के लोगों के साथ साथ सफाई कर्मचारियों का भी उत्साह वर्धन करती दिखी। भ्रमण के दौरान दीवान घाट पर दर्शनार्थी महिलाओं से संवाद भी किया। उन्होंने साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था पर विशेष दिशा निर्देश जारी किया। घाटों पर तैनात पुलिसकर्मियों को हिदायत देते हुए डीएम ने कहा कि पानी के अंदर लगे बैरिकेटिंग के बाहर कोई भी स्नानार्थी न जाने पाए, गंगा का जलस्तर का गहरा है दुर्घटना घट सकती है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने प्रात: पांच बजे से अपने मातहतों संग पूरे उत्साह व उमंग के साथ मेला क्षेत्र में उपस्थित श्रद्धालुओं की सुरक्षा में डटे रहे। वे स्वयं अपने हाथों में ध्वनियंत्र लेकर जय माता दी का उद्घोष लगाने के साथ साथ श्रद्धालुओं को जागरूक करने का कार्य किया। मन्दिर पर कतारों में जाकर उन्हें सुविधा के साथ दर्शन की व्यवस्था भी करते रहे। वृद्ध, दिव्यांगों को कप्तान के निर्देश पर पुलिस बल के लोग सहारा देकर दर्शन पूजन कराते भी देखे गए। एडीएम शिवप्रताप शुक्ला, एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह इत्यादि प्रशासनिक अधिकारी मेला क्षेत्र में अनवरत भ्रमण कर मेला व्यवस्था की जानकारी लेते रहे।

विंध्याचल पहाड़ पर स्थित देवी मंदिरों में भी है भक्तों की भीड़- शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी देवी धाम सहित पहाड़ पर स्थित मां अष्टभुजी देवी का कालीखो इत्यादि मंदिरों में भी लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। जहां सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों के दर्शन पूजन के लिए कतार लगी रही है काफी संख्या में भक्त रोपवे के जरिए मां का दीदार करने के लिए पहाड़ की यात्रा करते देखे गए।